# भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय: स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ-226006

रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

E.Mail :upscoutsguides@yahoo.com Website : www. bsgup.org

फोन: 0522-4323838 मो०नं०-9839392275


पत्रांक : सी०जी० 94/ 606 /2023-24 दिनांक : 11 जुलाई 2023

**आवश्यक/महत्वपूर्ण**

सेवा में,

समस्त जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

विषय : प्रदेश संस्था से सम्बद्ध जिला संस्थाओं की सत्र 2021-22 की वार्षिक आख्या एवं ऑडिट स्टेटमेंट प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : राष्ट्रीय मुख्यालय,नयी दिल्ली का परिपत्र संख्या 111/2023 दिनांक 06 जुलाई 2023

महोदय/महोदया,

राष्ट्रीय मुख्यालय, नयी दिल्ली की नियमाली के नियम संख्या 93 एवं भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०, जिला संस्था की नियमावली के नियम संख्या 04 के अनुसार जिला संस्थाओं को प्रत्येक वर्ष वार्षिक पंजीकरण शुल्क के साथ साथ उस वर्ष का ऑडिट स्टेटमेंट एवं बैलेंस शीट भी प्रादेशिक मुख्यालय को प्रेषित करनी अनिवार्य है।

राष्ट्रीय मुख्यालय के उपरोक्त संदर्भित परिपत्र के माध्यम से समस्त प्रदेश एवं उनसे सम्बद्ध समस्त जनपद संस्थाओं से निम्न सूचना दिनांक 31 अगस्त 2023 तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है :-

1. जिला परिषद् द्वारा अनुमोदित सत्र 2021-22 की वार्षिक आख्या।
2. जिला परिषद् द्वारा अनुमोदित सत्र 2021-22 का ऑडिट स्टेटमेंट एवं बैलेंस शीट।
3. यदि जिला संस्था के पास स्वतन्त्र रूप से PAN Card, GST Registrations हैं तो उनके नम्बर।

उपरोक्त सूचना प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा संकलित कर निर्धारित समयावधि में राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रेषित की जानी है। अत: आप दिनांक 10 अगस्त 2023 तक उक्त वांछित सूचना प्रादेशिक मुख्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा करें जिससे वह राष्ट्रीय मुख्यालय, नयी दिल्ली को समय से उपलब्ध करायी जा सके।

भवदीय

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव

**प्रतिलिपि:-**

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
2. प्रादेशिक आयुक्त(स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
3. प्रादेशिक कोषाध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
4. समस्त जिला अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
5. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त(स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त वांछित सूचनायें/विवरण प्रादेशिक मुख्यालय को समयान्तर्गत उपलब्ध कराने हेतु अपने स्तर से आवशयक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
6. समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(आनन्द सिंह रावत)

प्रतिलिपि निदेशक , भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय, नयी दिल्ली ।

(आनन्द सिंह रावत)